**दिनांक 24.03.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में निर्माणाधीन राज्य खेल अकादमी-सह-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर के निर्माण कार्य के समयवृद्धि के प्रस्ताव पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति के बैठक की कार्यवाहीः-**

**उपस्थितिः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |
| 3. | **श्री ब्रजेश कुमार,**<br>मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | सदस्य |
| 4. | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |

**कार्यवाहीः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम एवं प्रस्ताव | - | **निर्माणाधीन राज्य खेल अकादमी-सह-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर के निर्माण कार्य के समयवृद्धि के संबंध में।** |
| 2. | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹633.00 करोड़ (कला संस्कृति एवं युवा विभाग का पत्रांक-587 दिनांक-03.02.2017) |
| 3. | पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹1121.4120515 करोड़ (खेल विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक-406 दिनांक-29.07.2025) |
| 4. | विषयांकित कार्य हेतु एकरारनामा की राशि | - | ₹740.82 करोड़ |
| 5. | संवेदक का नाम | - | SHAPOORJI PALLONJI AND COMPANY PRIVATE LIMITED, P.S. Srijan Corporate Park, Toer-1, 7th Floor, Plot No.-G-2, Block- GP, Sector-V, Bidhan Nagar, Salt Lake, Kolkata-700091, West Bengal, India |
| 6. | एकरारनामा संख्या | - | SBD-07/2018-19 |
| 7. | एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि | - | 24.10.2018 |
| 8. | एकरारनामा के अनुसार पूर्ण करने की तिथि | - | 23.10.2020 (24 माह) |
| 9. | प्रथम अवधि विस्तार की तिथि | - | 30.06.2022 (दिनांक 02.09.2021 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक-965(प0) दिनांक 02.09.2021 द्वारा सशर्त) |
| 10. | द्वितीय औपबंधिक समयवृद्धि की तिथि | - | 30.06.2024 (दिनांक 21.07.2023 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक-1470(प0) दिनांक 24.07.2023 द्वारा सशर्त) |
| 11 | तृतीय समयवृद्धि की तिथि | - | 31.07.2025 (दिनांक 18.10.2024 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक-2048(प0) दिनांक 18.10.2024 द्वारा सशर्त) |

12. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाहीः-

निर्माणाधीन राज्य खेल अकादमी-सह-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर के निर्माण कार्य का एकरारनामा संवेदक SHAPOORJI PALLONJI AND COMPANY PRIVATE LIMITED, P.S. Srijan Corporate Park, Toer-1, 7th Floor, Plot No.-G-2, Block-GP, Sector-V, Bidhan Nagar, Salt Lake, Kolkata-700091, West Bengal, India से किया गया

जिसका एकरारनामा संख्या-SBD-07/2018-19 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ करने की तिथि 27.10.2018 तथा कार्य पूर्ण करने की तिथि 23.10.2020 है।

**प्रथम समयवृद्धिः-** दिनांक 02.09.2021 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में विषयांकित कार्य की समयवृद्धि दिनांक 30.06.2022 तक स्वीकृति प्रदान की गयी है।

विषयगत मामले में दिनांक 25.08.2021 को माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा सी0डब्लू0जे0सी0 संख्या-10367/2021 में पारित न्याय निर्णय अन्तर्गत कंडिका-18 में अंकित है कि:-

*"Having regard to the aforesaid, the writ petition stands disposed of in terms of the arrangement dated 12.08.2021 arrived at between the petitioner and the State through its Building Construction Department, that all the remaining/outstanding works, shall be completed, in terms of the specifications, to the satisfaction of the authorities concerned, by the petitioner, latest by 30th June, 2022. A formal order with regard to the extension of time for completing the work as also the decision to hold in abeyance the debarment of the petitioner till 30th June, 2022, shall be passed within ten days from today, subject to the completion of the entire works as per the agreement and specifications and satisfaction of the concerned authorities, by 30th June, 2022, with the further express stipulation that if there is any default on the part of the petitioner, the order of debarment shall stand revived with effect from 1st July, 2022. As a sequel to the above, on the Building Construction Department issuing the requisite order in the aforesaid terms, the interim order of this Court dated 08.06.2021 shall cease to operate."*

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा पारित न्याय निर्णय के अनुपालन में तथा दिनांक 12.08.2021 को विभागीय समीक्षा बैठक में **(बैठक की कार्यवाही परिशिष्ट-'क' के रूप में संलग्न)** लिये गये निर्णय के आलोक में संवेदक द्वारा विषयांकित योजना अन्तर्गत सम्पूर्ण कार्य को दिनांक 30.06.2022 तक पूर्ण करने हेतु सहमति प्रदान की गयी तथा निम्नवत कार्य योजना दिया गया:-

(a) Completion of Lawn Tennis, Volleyball and Handball facility, Football practice field, Director's building, Deputy directors building, ESS Hall Area, ESS Residential Area by 31st December 2021.

(b) Completion of Hockey field, Swimming pool, Football field & Athletic track, Basketball court, Main Receiving substation, Transit Hostel, Girls Hostel, Dining Hall, Water treatment plan, Sewage treatment plant, Academic and Administration Building by 31st March 2022.

(c) Completion of Hall 5D, Hall 5E, Hall 5A, Hall 5F and Hall 5B, Boys hostel, Staff quarter III, Coaches suites, Staff quarter IV, Driver and Player facility, Cricket Stadium -General stand west & east, Reverse Pavilion and Pavilion and all other remaining works by 30stJune 2022.

उक्त कार्य योजना के आधार पर दिनांक 02.09.2021 को सम्पन्न विभगीय निविदा समिति की बैठक में दिनांक 30.06.2022 तक समयवृद्धि की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की गयी की संवेदक सहमत कार्य योजना का दृढ़तापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करेंगे तथा दिनांक 30.06.2022 या इसके पहले विषयांकित कार्य को अचूक रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। परन्तु, दिनांक 30.06.2022 तक ऐजेन्सी के द्वारा एकरारनामा के अनुरूप कार्य पूरा नहीं किया गया।

**द्वितीय समयवृद्धिः-** दिनांक 20.02.2023 को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में विषयांकित कार्य के धीमी प्रगति पर समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक के क्रम में संवेदक के द्वारा बताया गया कि कोविड-19 के कारण योजना के कार्य स्थल से मजदूरों के अचानक पलायन करने, निर्माण सामाग्री आपूर्ति बाधित होने, द्वितीय चरण में ऑक्सीजन के कमी के कारण फैब्रिकेशन कार्य बाधित होने, कोरोना संक्रमण के दौरान परियोजना के निर्माण प्रबंधन से जुड़े वरीय तकनीकी कर्मियों के आकस्मिक निधन आदि के कारण निर्माण कार्य में विलम्ब हुआ। कोविड-19 के

उपरांत निर्माण सामाग्रियों के मूल्य में हुयी वृद्धि, कंपनी की आंतरिक वित्तीय कठिनाईयों एवं कंपनी के कोलकता जोन के द्वारा आवश्यक निर्णय लेने में विलम्ब के कारण योजना की प्रगति प्रभावित हुयी। कार्य में तेजी लाने तथा योजना को पूर्ण करने के दृष्टिकोण से परियोजना को कोलकता जोन से मुंबई स्थित मुख्यालय के अधीन किये जाने के उपरांत कार्य में तेजी परिलक्षित हुयी। बैठक में निर्माण कार्य हेतु दिनांक 31.03.2024 तक द्वितीय समयवृद्धि की स्वीकृति के साथ इस अवधि के लिए दिनांक 30.06.2022 के मूल्य सूचकांक को आधार मानते हुए मूल्य वृद्धि की स्वीकृति पर विचार किये जाने का निर्णय लिया गया।

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 34 अनु0 दिनांक 10.01.2023 के क्रम में उनके ही पत्रांक 455 अनु0 दिनांक 10.10.2023 द्वारा दिनांक 31.07.2025 तक समयवृद्धि प्रदान करने हेतु समर्पित प्रस्ताव पर दिनांक 21.07.2023 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में दिनांक 30.06.2024 तक कार्यहित में औपबंधिक सशर्त समयवृद्धि स्वीकृत किया गया। समयवृद्धि की स्वीकृति इस शर्त के साथ लिया गया कि संवेदक सहमत कार्य योजना के अनुसार सभी कार्य को समेकित रूप से पूर्ण करेंगें एवं उक्त संबंध में शपथ-पत्र के माध्यम से सहमति पत्र कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-1, पटना को समर्पित करेंगे। यदि संवेदक द्वारा सहमत कार्य योजना के अनुसार सभी कार्य को दिनांक 30.06.2024 तक समेकित रूप से पूर्ण करने को ध्यान में रखकर अपेक्षित प्रगति नहीं रखी जाती है तो उनके एकरारनामा को दंड के साथ विखंडन की कार्रवाई की जायेगी।

द्वितीय समयवृद्धि के प्रस्ताव में निर्माण एजेन्सी द्वारा विषयांकित योजना अन्तर्गत सम्पूर्ण कार्य को पूर्ण करने हेतु निम्नवत कार्य योजना समर्पित की गयी:-

| S.N. | Name of Building/Structure | Proposed Completion Date |
|---|---|---|
| 1 | Residence Buildings | 30-Oct-23 |
| 2 | Hostel Buildings | 30-Oct-23 |
| 3 | Open Fields | 30-Sep-23 |
| 4 | Main Receiving Station | 15-Oct-23 |
| 5 | STP & WTP | 15-Sep-23 |
| 6 | Swimming Pool | 15-Oct-23 |
| 7 | **Hall** | |
| A | Hall-D (Squash/Billiards/Archery/Shooting) | 20-Aug-23 |
| B | Hall-G (Academic & Admin) | 30-Aug-23 |
| C | Hall-E (Kabaddi & Wushu) | 15-Oct-23 |
| D | Hall-5F (Judo/Boxing/Taekwondo) | 15-Dec-23 |
| E | Hall-5B (Volleyball and Badminton) | 31-Mar-24 |
| F | Hall-5A (Wrestling & Weight lifting) | 15-Jan-24 |
| 8 | Road | 30-Oct-23 |
| 9 | Collonaide | 31-Mar-24 |
| 10 | Cycle Velodrome | 15-Apr-24 |
| 11 | Ext. Devl. (Non Stadium area) | 15-Apr-24 |
| 12 | **Stadium** | |
| A | General Stand West | 15-Jun-24 |
| B | Reverse Pavilion | 16-Jul-24 |
| C | General Stand East | 30-Jun-24 |
| D | Pavilion | 31-Jul-24 |
| 13 | Ext. Devl. (Stadium area) | 31-Jul-24 |

**तृतीय समयवृद्धि**:- अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 505 अनु0 दिनांक 08.10.2024 के द्वारा दिनांक 31.07.2025 तक समयवृद्धि प्रदान करने हेतु समर्पित प्रस्ताव पर दिनांक 18.10.2024 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में दिनांक 31.07.2025 तक कार्यहित में औपबंधिक सशर्त समयवृद्धि स्वीकृत किया गया। समयवृद्धि की स्वीकृति इस शर्त के साथ दिया गया कि संवेदक सहमत कार्य योजना के अनुसार सभी कार्य को समेकित रूप से पूर्ण करेंगें एवं उक्त संबंध में शपथ-पत्र के माध्यम से सहमति पत्र कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-1, पटना को समर्पित करेंगे। यदि संवेदक द्वारा सहमत कार्य योजना के अनुसार सभी कार्य को दिनांक 31.07.2025 तक समेकित रूप से पूर्ण करने को ध्यान में रखकर अपेक्षित प्रगति नहीं रखी जाती है, तो उनके एकरारनामा को दंड के साथ विखंडन की कार्रवाई की जायेगी।

तृतीय समयवृद्धि के प्रस्ताव में निर्माण एजेन्सी द्वारा विषयांकित योजना अन्तर्गत सम्पूर्ण कार्य को पूर्ण करने हेतु निम्नवत कार्य योजना समर्पित की गयी:-

| S.N. | Name of Building/Structure | Propesed Completion Date |
|---|---|---|
| 1 | Hall-5 E (Kabaddi & Wushu) | 15-Dec-24 |
| 2 | Hall-5A (Wrestling & Weight lifting) | 31-Dec-24 |
| 3 | Hall-5F (Judo/Boxing/Taekwondo) | 28-Feb-25 |
| 4 | Hall-5B (Volleyball and Badminton) | 31-Mar-25 |
| 5 | Cycle Velodrome | 30-Jul-25 |
| 6 | **Stadium** | |
| A | General Stand West | 30-Jun-25 |
| B | Pavilion | 30-Jun-25 |
| C | General Stand East | 15-Jul-25 |
| D | Reverse Pavilion | 31-Jul-25 |
| 7 | Ext. Devl. (Stadium) | 31-Jul-25 |

इस अवधि के दौरान विषयांकित कार्य के एकेडमी भवन (स्टेट स्पोर्टस एकेडमी, बिहार खेल विश्वविद्यालय), हॉल डी0 (हॉल-1), निदेशक, सह-निदेशक एवं कोच सूटस, ट्रांजिट हॉस्टल, हॉकी ग्राउन्ड, बालक एवं बालिका छात्रावास, डायनिंग हॉल, एस0टी0पी0, डब्लू0टी0पी0 स्वीमिग पूल इत्यादि का दिनांक 29.08.2024 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के कर कमलों द्वारा उद्घाटन किया गया।

फुटबॉल मैदान, एथेलेटिक ट्रैक एवं पब्लिक टॉयलेट इत्यादि का दिनांक 11.11.2024 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के कर कमलों द्वारा उद्घाटन किया गया।

इंडोर हॉल-2, वास्केटवॉल कोर्ट, हैडवॉल एवं वॉलीवॉल कोर्ट, हॉकी प्रेक्टिस टर्फ इत्यादि का दिनांक 02.05.2025 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के कर कमलों द्वारा उद्घाटन किया गया।

कला संस्कृति एवं युवा विभाग का पत्रांक-587 दिनांक-03.02.2017 द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति की राशि ₹633.00 करोड़ की राशि प्रदत है। खेल विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक-406 दिनांक-29.07.2025 के द्वारा पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति ₹1121.4120515 करोड़ प्रदान की गयी। उक्त पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति में कई गैर एकरारित मदों समावेशित किया गया, जिसको पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता है।

**वर्तमान समयवृद्धि का प्रस्ताव**:- अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 15 अनु0 दिनांक 09.01.2026 के द्वारा दिनांक 31.12.2026 तक समयवृद्धि प्रदान करने का प्रस्ताव समर्पित किया गया है। समयवृद्धि की स्वीकृति हेतु कार्यकारी निर्माण एजेन्सी के पत्रांक-.SPCPL/RAJGIR/1515/2025-2026/1235 दिनांक-23.02.2026 द्वारा विषयांकित योजना अन्तर्गत सम्पूर्ण कार्य को पूर्ण करने हेतु निम्नवत कार्य योजना समर्पित की गयी है:-

| S.N. | Name of Building/Structure | Completion Date |
|---|---|---|
| 1 | Halls F | 31-07-2026 |
| 2 | Stadium Work (RCC, General Stand West, General Stand East, Reverse Pavilion etc.) | 31-08-2026 |
| 3 | Cycle Velodrome | 31-08-2026 |
| 4 | Non-Stadium Work | 31-10-2026 |
| 5 | Bleacher – All Stand | 30-11-2026 |
| 6 | Tensile roofing and MS Work | 31-12-2026 |
| 7 | GRC Jali – All Stand | 31-12-2026 |
| 8 | Chair – All Stand | 31-12-2026 |
| 9 | Ext. Development and Finishing Work | 31-12-2026 |
| 10 | MEP Work | 31-12-2026 |
| 11 | Halls B | 31-12-2026 |

पवेलियन भवन एवं क्रिकेट मैदान का दिनांक 05.10.2025 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के कर कमलों द्वारा उद्घाटन किया गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया कि निर्माण एजेन्सी SPCPL के द्वारा कार्य की प्रगति में सुधार की गयी है, फिर भी बचे हुये कार्य में काफी तेजी लाने की आवश्यकता है। कार्य में हो रहे विलम्ब के लिए निर्माण एजेन्सी SPCPL सीधे तौर पर जिम्मेवार हैं।

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक-कैम्प शून्य दिनांक 21.02.2026 द्वारा सूचित किया गया है कि वर्तमान में कार्य एजेंसी द्वारा कार्य स्थल पर आवश्यक अतिरिक्त Scaffoldig & Staging Material, अतिरिक्त मानव बल एवं निर्माण सामग्री की आपूर्ति तेज गति से की गयी है एवं क्रिकेट स्टेडियम के सभी Stands GSW, Reverse Pavillion तथा GSE में एक साथ कार्य किया जा रहा है। विभागीय साप्ताहिक समीक्षा बैठकों में GSW Stand के कंक्रीट का कार्य अप्रैल, 2026 तक पूर्ण किये जाने एवं योजना में अतिरिक्त Cash Flow Maintain करने पर कार्य एजेंसी द्वारा सहमति प्रदान की गयी है।

उक्त कारण से कार्यहित में वर्तमान में कार्यरत एजेंसी को बेहतर Cash Flow के लिए निर्माण एजेन्सी के द्वारा दिये गये कार्य योजना के अनुरूप कार्य पूर्ण किये जाने की स्थिति में निर्माण एजेन्सी को अतिरिक्त समय दिये जाने की अनुशंसा की जाती है।

**13. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा</u>:-**

सम्यक् विचारोपरात तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य का चतुर्थ समयवृद्धि कार्यहित में दिनांक **31.12.2026** तक स्वीकृत करने की अनुशंसा इस शर्त के साथ की जाती है कि संवेदक सहमत कार्य योजना के अनुसार सभी कार्य को तय समय सीमा में समेकित रूप से पूर्ण करेंगें। यदि संवेदक द्वारा सहमत कार्य योजना के अनुसार कार्य की अपेक्षित प्रगति नहीं रखी जाती है तो उनके एकरारनामा को दंड के साथ विखंडन की कार्रवाई की जायेगी।

विभाग के द्वारा स्वीकृत तृतीय समयवृद्धि दिनांक 31.07.2025 तक कार्य एजेंसी के द्वारा समर्पित कार्य योजना के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं किये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-1, पटना के द्वारा तृतीय समयवृद्धि दिनांक 31.07.2025 के बाद एवं चतुर्थ स्वीकृत समयवृद्धि से पूर्व किये गये भुगतान पर 2% का आर्थिक दंड हेतु पेनाल्टी अधिरोपित करते हुए अनुशंसा किया गया। साथ ही वर्तमान चतुर्थ समयवृद्धि में संवेदक के द्वारा दिये गये कार्य योजना के अनुसार कार्य पूर्ण नहीं करने पर बचे हुये कार्य पर 2% का आर्थिक दंड हेतु अनुशंसा किया गया।

सशर्त समयवृद्धि कार्यहित में दिनांक **31.12.2026** तक स्वीकृत करने का अनुशंसा पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या-2106(एस) दिनांक 07.03.2017 के आलोक में इस शर्त के साथ लिया गया कि संवेदक सहमत कार्य योजना के अनुसार सभी कार्य को समेकित रूप से पूर्ण करेगें एवं उक्त संबंध में शपथ-पत्र के माध्यम से सहमति पत्र कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-1, पटना को समर्पित करेंगे। चतुर्थ समयवृद्धि में कार्य एजेंसी को क्षतिपूर्ति/एस0बी0डी0 के कंडिका-10सी0सी0/10सी0ए0 के तहत सामग्रियों के दरों में वृद्धि हेतु किसी प्रकार का दावा एवं भुगतान मान्य नहीं होगा। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा उक्त अनुशंसा के साथ सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय लिया गया।

**14. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>**

सम्यक् विचारोपरात विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक 23.02.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है एवं मुख्य अभियंता(पटना) प्राधिकृत किया जाता है।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

24/3/26 24/3/2026 .3.26 24/3/26

(विकास कुमार पाण्डेय)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भ0नि0वि0, बिहार, पटना

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना)
भ0नि0वि0, बिहार, पटना

(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
भ0नि0वि0, पटना

(कुमार रवि)
सचिव,
भवन निर्माण विभाग,
बिहार, पटना

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0विविध-8-150/2017(अंश) - 882(प) पटना, दिनांक- 25/03/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

25/3/2026

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना